रेलवे की कार्य-योजना का क्रियान्वयन

2997. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्लः** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1993-94 और 1994-95 के लिये रेलवे की कार्य योजना के क्रियान्वयन के कार्यात्मक समन्वय और निगरानी हेतु एक निगरानी दल गठित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और प्रत्येक दल को क्या विशिष्ट कार्य सौंपा गया है; और

(ग) इन दलों की सिफारिशें कब तक प्राप्त हो जाएंगी?

रेल मंत्री (श्री सी॰के॰ जाफर शरीफ): (क) जी नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

झेलम एक्सप्रेस में बोगियों का लगाया जाना

2998. **श्री गोविन्दराव आदिकः** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) झेलम एक्सप्रेस में कितनी बोगियां लगाई जा रही हैं;

(ख) क्या यह सच है कि पुणे और अहमदनगर से दिल्ली को फल और दूसरी वस्तुएं भेजने के लिये इसमें एक और बोगी लगाये जाने का अनुरोध किया गया है; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या निर्णय लिया गया है?

रेल मंत्री (श्री सी॰ के॰ जाफर शरीफ): (क) 1077/1078 झेलम एक्सप्रैस 17 सवारी डिब्बों के साथ चल रही है जिनमें दो मिले-जुले दूसरा दर्जा सामान-एवं ब्रेक यान शामिल है।

(ख) जी हां।

(ग) जांच की गई है परन्तु औचित्यपूर्ण नहीं पाया गया क्योंकि दो मिले-जुले दूसरा दर्जा सामान-एवं ब्रेक यान इस क्षेत्र में फलों और नश्य सामग्री की ढुलाई के लिए पर्याप्त समझे जाते हैं।

Rail Connection Between Rajasthan and Howrah

2999. SHRI K.M. KHAN: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Rajasthan has been connected with Howrah through rail link for the first time;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether Rajasthan is already connected with other important cities of country through rail-link.

(d) if so, the names of connected places;

(e) whether Government propose to connect similar more desert areas of the country with other important cities of country through rail-link; and

(f) if so, the names of places selected and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C.K. JAFFER SHARIEF): (a) and (b) Rajasthan was earlier connected with Howrah by Sriganganagar-Howrah Udyan Abha Toofan Express. Moreover, Jaipur-Sealdah Express has also been introduced from July 94 time table.

(c) Yes, Sir.

(d) Delhi/New Delhi, Bombay, Ahmadabad, Secunderabad, Vadodara, Amritsar, Firozpur, Jammu Tawi, Calcutta, Agra, Mughalsarai, Patna, Allahabad, Dehradun, Indore, Ujjain, Lucknow, Kanpur, Gorakhpur, Rajkot etc.

(e) and (f) Introduction of trains is an ongoing process subject to operational feasibilities, traffic justification and availability of resources.

यात्री बोगियों की आवश्यकता

3000. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि अगले पांच वर्षों के दौरान सभी मीटर लाइनों को बड़ी लाइनों में परिवर्तित कर दिया जाएगा;

(ख) यदि हां, तो बड़ी लाइनों के मार्गों पर चलाने हेतु भविष्य में कितनी यात्री बोगियों की आवश्यकता पड़ेगी;

(ग) यह आवश्यकता किस तरह से पूरी की जाएगी;

(घ) क्या सरकार मीटर लाइन की बोगियां बनाने वाले विद्यमान उपक्रमों को बड़ी लाइन की बोगियां बनाने के लिये सक्षम बनाएगी;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ): (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) से (च) रेलवे क्षेत्र के अंतर्गत बड़ी लाइन के सवारी डिब्बे निर्मित करने की क्षमता पर्याप्त है। अतः मैसर्स जेस्सप्स, जो मी०ला० के सवारी डिब्बे और ब०ला० के ई०एम०यू० का निर्माण कर रहा है, को रेलों के लिए बड़ी लाइन के सवारी डिब्बों का निर्माण करने की आवश्यकता नहीं होगी।

अहमदाबाद और दिल्ली के बीच यातायात का सर्वेक्षण

3001. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने कुछ समय पहले अहमदाबाद और दिल्ली के बीच बड़ोदरा-गोधरा-रतलाम-कोटा के मार्ग से होकर यातायात सर्वेक्षण कराया है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार इस लाइन पर एक नई रेलगाड़ी चलाने का विचार रखती है;

(घ) यदि हां, तो इस रेलगाड़ी को कब से चलाया जाएगा; और

(ङ) यदि नहीं तो उसके क्या कारण है?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ़): (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) जी नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) परिचालनिक कठिनाइयां तथा संसाधनों की तंगी।

सूरत में भूमि का अधिग्रहण

3002. **श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि रेल प्रशासन ने गुजरात में सूरत नगर के वराच्छा रोड पर रहने वाले लोगों को रेल की बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए भूमि के अधिग्रहण हेतु सूरत नगरपालिका को एक प्रस्ताव भेजा है;

(ख) यदि हां, तो क्या राज्य सरकार ने इस संबंध में कोई अधिसूचना जारी की है; क्या सूरत के जिलाधीश और सूरत नगरपालिका के आयुक्त ने रेलवे प्रशासन को यह भूमि सौंपने के लिए अपना अनुमोदन दे दिया है;

(ग) अधिग्रहण के लिए प्रस्तावित इस भूमि पर कौन-कौन सी नई सुविधाएं दी जाएंगी; इस पर कितनी लागत आएगी; और

(घ) उसका पूरा ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफ़र शरीफ़): (क) जी हां।

(ख) से (घ) सूरत नगर निगम को इस भूमि पर परिचलन क्षेत्र और पार्किंग सुविधाओं का विकास करना है। राज्य सरकार ने भूमि के अधिग्रहण के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। चूंकि सूरत नगर निगम द्वारा स्वयं परिचलन क्षेत्र और पार्किंग स्थल का विकास किया जाना है इसलिए रेलवे द्वारा भूमि का अधिग्रहण नहीं किया जाना है।

Providing Facilities at Jalandhar Railway Station

3003. SHRI IQBAL SINGH: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that facilities provided at Jalandhar Railway Station are in consistent with tremendous increase in population of the Jalandhar District since partition;

(b) if so, what steps are being taken to increase the facilities in terms of population of the district;